# इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के प्रयास करें : योगी

राब्यू, जागरण • लखनऊ : औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथारिटी में से फिनटेक हब बनाने और वहां बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय स्थापित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों के निर्यात को और बढ़ाने लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और अधिक सहज व सरल बनाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी जिलों में सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित विशेष रोजगार

## निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और अधिक सहज व सरल बनाने के निर्देश

जोन स्थापित करने की कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जाए। चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में कम से कम 100 एकड़ में इस रोजगार जोन को विकसित किया जाना है। इसके लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यह क्षेत्र उद्योग, निवेश, उद्यमिता, नवाचार, कौशल विकास और रोजगार का हब होगा।

औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए विनिर्माण क्षेत्र का पांच लाख करोड़ रुपये का जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए फैक्ट्री अधिनियम के अंतर्गत 8,000 नई व विद्यमान इकाईयों का पंजीकरण आवश्यक है। अभी तक 1,354 इकाईयों का पंजीकरण हो चुका है।